गर्व: बिहारी छात्र की सस्ती बिजली तकनीक को आईआईटी की मंजूरी

- मात्र साढ़े 12 प्रतिशत ऊर्जा खर्च कर पानी से दोबारा उत्पादित हो सकेगी बिजली
- नेशनल वाटर अकादमी पुणे में देश विदेश के विशेषज्ञों के समक्ष होगी प्रस्तुति

■ चंदन द्विवेदी

जमुई निवासी रोहित।

पटना। अपनी वाटर लिफ्टिंग तकनीक से हाल ही चर्चा में आए जमुई के छात्र रोहित के आइडिया पर आईआईटी पटना के विशेषज्ञों ने मुहर लगा दी है। आईआईटी पटना के अकादमिक संकायाध्यक्ष और चर्चित भौतिकशास्त्री डॉ. एके ठाकुर की अध्यक्षता वाले पैनल के समक्ष परीक्षण में यह तकनीक पहले की अपेक्षा और सस्ती निकली।

रोहित ने बताया कि आईआईटी में परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि ऊपरी डैम से उत्पादित बिजली का मात्र साढ़े 12 प्रतिशत ऊर्जा इस्तेमाल कर वाटर लिफ्टिंग तकनीक से दोबारा बिजली पैदा की जा सकती है। निचले डैम से ऊपर वाले डैम में एक ही पानी को ले जाकर वाटर रोटेशन की इस तकनीक की सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद अब रोहित के साथ से चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना को बड़ी उम्मीद जगी है। चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना से इंक्यूबेटेड रोहित की इस तकनीक को दुनिया में बिजली उत्पादन की सबसे सस्ती तकनीक कही जा रही है। पिछले दिनों यह खबर आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने सबसे पहले प्रकाशित की थी। इसके बाद दसवीं पास रोहित के इस आइडिया की देशभर में चर्चा हुई। रोहित को प्रोजेक्ट के प्रस्तुतीकरण के लिये नेशनल वाटर अकादमी पुणे भेजा गया है। वहां 29 अगस्त से दो सितंबर तक एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है।

देखें P04

सस्ती बिजली बनाने को फंड मिलने में होगी आसानी

पटना। आईआईटी पटना के विशेषज्ञों की मुहर के बाद बिजली बनाने की सस्ती तकनीक से संबंधित प्रस्ताव को नेशनल इनोवेशन सेंटर गुजरात और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी रुड़की भेजा जा रहा है, जहां से औपचारिक स्वीकृति के बाद इसके वाणिज्यिक उपयोग को लेकर सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की हरी झंडी मिलने के आसार बढ़ गये हैं। इसके बाद मंत्रालय की ओर से फंड मिलने की बाधाएं दूर हो जाएंगी। दसवीं पास रोहित को उम्मीद है कि उसके इस आइडिया को सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद अब अन्य दोनों संस्थानों से प्रायोगिक स्वीकृति भी मिल जाएगी। बुधवार को रोहित ने बिहार सरकार में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के मंत्री सुमित कुमार सिंह से मुलाकात कर प्रोजेक्ट के अपडेट के बारे में जानकारी दी। सीआईएमपी के इंक्यूबेशन के सीईओ कुमोद कुमार ने बताया कि रोहित को बुधवार की शाम की पटना-पुणे फ्लाइट से पुणे भेजा गया है। गुरुवार या शुक्रवार को रोहित आइडिया का विषय विशेषज्ञों के सामने प्रस्तुतीकरण करेगा। रोहित को नेशनल वाटर अकादमी पुणे भेजा गया है।

Hindustan ! Page.No-04 ! Dated:01-09-2022